Result Mitra Daily Magazine

15 August स्वतंत्रता दिवस 2024

ध्वजारोहण और झंडा फहराने में क्या है अंतर ?

➢ आइए जानते हैं बारीकियाँ :

- ध्वजारोहण और झंडा फहराना दो अलग-अलग कार्यक्रम होते हैं।
- ये दोनों कार्यक्रम 15 अगस्त और 26 जनवरी के दिन होते हैं।
- इस बार 15 Aug 2024 को देश अपना 78वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाएगा।
- दरअसल, ध्वजारोहण और झंडा फहराना दो अलग-अलग कार्यक्रम होते हैं। ये दोनों 15 Aug और 26 Jan के दिन होते हैं।
- असल में पं. जवाहर लाल नेहरू ने लाल किले पर 15 Aug 1947 के दिन ध्वजारोहण किया था। वहीं 26 Jan 1950 को राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने लाल किले पर झंडा फहराया था।
- इन दोनों कार्यक्रमों का आयोजन लाल किले की प्राचीर (चोटी) और कर्तव्य पथ (राजपथ) पर आयोजित किये जाते हैं।

Result Mitra

➢ ध्वजारोहण और झंडा फहराने में अंतर :

➢ **ध्वजारोहण :-** 15 Aug स्वतंत्रता दिवस के दिन ध्वजारोहण का कार्यक्रम होता है। भारत ने पहला ध्वजारोहण 15 Aug 1947 को किया। वर्तमान में हमारा पूरा देश आजादी का 78वाँ स्वतंत्रता दिवस मना रहा है।

- 1947 में, इस दिन ही भारत से ब्रिटिश राज का झंडा नीचे उताकर हमारे राष्ट्रीय ध्वज को ऊपर चढाया गया था। बता दें कि राष्ट्रीय ध्वज को जब स्तंभ पर नीचे से ऊपर की तरफ चढाया जाता है, तो यह ध्वजारोहण कहलाता है। 15 Aug के दिन लाल किले की प्राचीर पर ध्वजारोहण होती है।

➢ **झंडा फहराना :-** 26 Jan गणतंत्र दिवस के दिन झंडा फहराया जाता है। फ्लैग पोल पर पहले से ही तिरंगा ऊपर लगाकर बंधा हुआ होता है। इसके साथ ही झंडे में अधिकतर फूलों की पंखुडियाँ भी लगी होती है। जब तिरंगा फहराया जाता है, तो पुष्प वर्षा होती है। यह 26 Jan के दिन राष्ट्रपति भवन के पास कर्तव्य पथ पर परेड से पहले झंडा फहराया जाता है।

Result Mitra